हिन्दुस्तान जनपद शाहजहॉपुर दिनॉक 03.03.2025

# एडीजी ने लाट साहब के जुलूस मार्गों का किया निरीक्षण

शाहजहांपुर, संवाददाता।होली व लाट साहब जुलूस के  के दृष्टिगत शांति व्यवस्था कायम रखने को रविवार की देरशाम एडीजी बरेली जोन ने डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह व एसपी राजेश एस. के साथ महानगर की सड़कों पर पैदलमार्च किया। उन्होंने अधिकारियों के साथ होली पर्व पर बड़े लाट साहब के जुलूस मार्ग कोतवाली से पटी गली होते हुए जनता इंटर कॉलेज होते हुए चार खम्बा तक पैदल मार्च कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।एडीजी ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारियों से फीडबैक लिया। तत्पश्चात उन्होंने पुलिस लाइन जाकर सभागार में प्रशासनिक अधिकारियों व पुलिस अधिकारियों के साथ कानून व्यवस्था के संबंध में बैठक कर दिशा निर्देश दिए

## छोटे लाट साहब के जुलूस पर रहेगी 100 कैमरों की नजर

शाहजहांपुर। महानगर में होली पर छोटे लाट साहब का जुलूस 100 सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में निकाला जाएगा। इसके लिए पुलिस ने तैयारी पूरी कर ली हैं। शांति व्यवस्था कायम रहे, इसके लिए 438 लोगों को पाबंद किया गया है। इसके अलावा जुलूस वाले दिन अपराधिक प्रवृत्ति के 22 लोगों को थाने में बैठाया जाएगा। इंस्पेक्टर आरसी मिशन धर्मेंद्र कुमार गुप्ता ने जुलूस में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है। शांतिव्यवस्था बनाए रखने के लिए 91 एसपीओ, 35 डिजिटल वॉलिंटियर की ड्यूटी भी लगाई गई है।



एडीजी ने रविवार को अधीनस्थों के साथ जुलूस मार्गों का निरीक्षण किया।

दैनिक जागरण जनपद शाहजहॉपुर दिनॉक 03.03.2025

# एडीजी ने लाट साहब जुलूस को लेकर की समीक्षा



एडीजी रमित शर्मा ने पैदल मार्च किया • सौ. विभाग

जासं, शाहजहांपुर : होली पर निकलने वाले लाट साहब के जुलूस को लेकर एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा ने पुलिस लाइंस सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि सुरक्षा को लेकर किसी तरह की लापरवाही न बरती जाए। थानाध्यक्षों को निर्देश दिए कि जुलूस सिर्फ शहर का ही नहीं बल्कि ग्रामीण क्षेत्र का भी महत्वपूर्ण होता है। इस लिए इसमे किसी तरह की लापरवाही न बरते। इसके बाद उन्होंने सीओ के साथ अलग से बैठक कर दिशा-निर्देश दिए। चौक कोतवाली क्षेत्र में भी पहुंचकर जुलूस मार्ग देखे। कहा सुरक्षा को लेकर लापरवाही किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## अमर उजाला जनपद शाहजहॉपुर दिनॉक 03.03.2025

# बड़े लाट साहब जुलूस : 980 लोगों पर रखी जाएगी निगाह

संवाद न्यूज एजेंसी

**एडीजी जोन रमित शर्मा ने पुलिस लाइन में पहुंचकर तैयारियों की समीक्षा की**

**शाहजहांपुर।** होली के मौके पर निकलने वाले लाट साहब के जुलूस को लेकर तैयारियों ने तेजी पकड़ ली है। तीन महीने से पुलिस संभ्रांत लोगों के साथ पीस कमेटी की बैठक कर रही है।

चौक कोतवाली में 980 लोगों की चालानी रिपोर्ट अधिकारियों को भेजी गई है। इनके खिलाफ पुलिस कार्रवाई कर सकती है। रविवार की शाम को एडीजी जोन रमित शर्मा ने पुलिस लाइन में तैयारियों की समीक्षा की। पुलिस लाइन के सभागार में इस संबंध में बैठक की। एडीजी ने होली पर अलग-अलग स्थानों पर निकलने वाले जुलूस के बारे में पूछा। साथ ही गत वर्ष की स्थिति का भी उन्होंने अफसरों से जायजा लिया।

संवेदनशील व अति संवेदनशील स्थानों की जानकारी ली। एडीजी ने अभी तक हुई कार्रवाई का ब्योरा भी तलब किया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा में चूक नहीं होना चाहिए। वहीं दूसरी ओर बड़े लाट साहब का जुलूस चौकसी से निकलता है। इस जुलूस पर पिछली बार सदर क्षेत्र में पुलिस की गाड़ी को हुड़दंगियों ने निशाना बनाया था।

इसे लेकर पुलिस ने विशेष सतर्कता बरत रही है। चौक कोतवाली पुलिस ने 980 लोगों की चालानी रिपोर्ट बनाई है। साथ ही सीसीटीवी कैमरे की निगरानी भी रखी जाएगी। ड्रोन कैमरे भी हुड़दंगियों पर नजर रखेंगे। इसको लेकर अफसरों को निर्देश दे दिए गए हैं।

---

## सच की अहमियत जनपद शाहजहॉपुर दिनॉक 03.03.2025

# होली पर्व के मद्देनजर एडीजी बरेली जोन ने लिया तैयारियों का जायजा

### बड़े लाट साहब जुलूस मार्ग का निरीक्षण कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

सच की अहमियत



**शाहजहाँपुर** : होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा ने जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक राजेश एस सहित अन्य अधिकारियों संग कानून-व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने बड़े लाट साहब जुलूस मार्ग का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

एडीजी ने कोतवाली से पटी गली होते हुए जनता इंटर कॉलेज तथा वहां से चारखंबा तक पैदल मार्च कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जुलूस मार्ग पर आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। इसके उपरांत, कोतवाली से जुलूस आयोजन स्थल सुरेंद्र सिंह सेठ के आवास तक का निरीक्षण कर उन्होंने सुरक्षा व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए।

होली पर्व को सकुशल एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु पुलिस लाइन सभागार में बैठक आयोजित की गई, जिसमें एडीजी रमित शर्मा ने संबंधित अधिकारियों से अब तक की गई तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ समयबद्ध रूप से पूर्ण की जाएँ। एडीजी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि छोटे एवं बड़े लाट साहब जुलूस मार्ग पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए जाएँ। ड्रोन कैमरों की सहायता से निगरानी रखी जाए एवं संपूर्ण जुलूस की वीडियोग्राफी अनिवार्य रूप से कराई जाए, जिससे किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके

राष्ट्रीय जजमेंट जनपद शाहजहॉपुर दिनॉक 03.03.2025

# होली पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम,एडीजी बरेली ने किया जुलूस मार्ग का निरीक्षण

**राष्ट्रीय जजमेंट**



शाहजहांपुर।होली के मद्देनजर जिले में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा ने जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह और पुलिस अधीक्षक राजेश एस के साथ बड़े लाट साहब जुलूस मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने कोतवाली से चारखम्बा तक पैदल मार्च कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को सुरक्षा के कड़े निर्देश दिए।इसके उपरांत होली को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु एडीजी बरेली की अध्यक्षता में पुलिस लाइन सभागार में बैठक का आयोजन किया गया।

एडीजी ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों से अब तक की गई तैयारीयों के संबंध में जानकारी ली तथा होली को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि सुरक्षा के दृष्टिगत सभी आवश्यक कार्य समय से पूर्ण कर लिए जाए। छोटे एवं बड़े लाट साहब के जुलूस मार्ग का निरीक्षण कर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए जाए। जुलूस के दौरान ड्रोन कैमरों से निगरानी की जाए तथा संपूर्ण जुलूस की वीडियोग्राफी अवश्य कराई जाए।

**यौमी समाचार ब्यूरो दिनॉक 03.03.2025**

# एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा ने त्योहारों को लेकर परखी सुरक्षा व्यवस्था

## कानून-व्यवस्था ,महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर जनपद के राजपत्रित अधिकारीगण एवं थाना प्रभारियों के साथ की समीक्षा

**यौमी समाचार ब्यूरो**

--------------

**लखनऊ।** अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन रमित शर्मा ने रविवार को पुलिस उप महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक, शाहजहाँपुर, डीएम एवं स्थानीय पुलिस बल के साथ आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने एवं थाना कोतवाली व सदर बाजार क्षेत्र में भीड़-भाड़ वाले स्थान पर पैदल गश्त कर आमजन/व्यापारियों से वार्ता की गयी तथा सुदृढ़ पुलिस प्रबन्ध बनाये रखने सम्बन्धित को निर्देशित किया। गया एवं रिजर्व पुलिस लाईन, जनपद शाहजहाँपुर स्थित सभागार में आगामी त्यौहारों (रमजान माह, होली एवं ईद-उल-फितर आदि) को सकुशल सम्पन्न कराये जाने की गयी तैयारियों, अपराध नियंत्रण तथा कानून-व्यवस्था आदि महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर जनपद के राजपत्रित



अधिकारीगण एवं थाना प्रभारियों के साथ समीक्षा कर निम्न दिशा-निर्देश दिये गये। थाने पर त्यौहार रजिस्टर का अवलोकन कर ऐसे स्थानों को चिन्हित कर लिया जाये जहाँ पर पूर्व में विवाद हुआ हो तथा ऐसे स्थानों पर उच्चाधिकारीगण द्वारा स्वयं मौके पर जाकर समीक्षा कर ली जाये की वर्तमान में वहाँ पर कोई विवाद की स्थिति तो नहीं है। जनपद शाहजहाँपुर में 2855 होलिका दहन स्थलों का सम्बन्धित थाना प्रभारी द्वारा भौतिक सत्यापन कर यह सुनिश्चित कर लिया जाये कि किसी जगह विवाद की कोई स्थिति तो नहीं है। हल्का उपनिरीक्षक एवं बीट आरक्षी द्वारा असामाजिक तत्वों के विरूद्ध जानकारी एकत्र कर समय रहते ही निरोधात्मक कार्यवाही की जाये। उक्त त्यौहारों पर कोई नई परम्परा नहीं पड़ने दी जाये तथा उक्त त्यौहारों पर जनपद शाहजहाँपुर में निकलने वाले समस्त जुलूसों को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु जुलूसों के मार्ग का पूर्व में ही निरीक्षण कर मानक के अनुसार पुलिस बल तैनात किया जाये एवं त्यौहारों पर लगने वाले मेला स्थलों, मन्दिरों आदि पर भी सुरक्षा के व्यापक प्रबन्ध किये जाये तथा मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में प्रभावी गश्त की जाये। जनपद में होली के दिन निकलने वाले प्रत्येक जुलूस के साथ बाक्स फार्मेशन में पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल लगाया जाये तथा जुलूस मार्ग में छतों पर भी ड्यूटी लगाने के साथ-साथ सादे वस्त्रों में भी जुलूस में ड्यूटी लगायी जाये। त्यौहारों पर शान्ति एवं व्यवस्था बनाये रखने हेतु प्रत्येक थानाक्षेत्र में प्रबुद्ध वर्ग एवं धर्मगुरूओं के साथ पीस कमेटी की बैठक कर ली जाये। उक्त बैठक में पुलिस उपमहानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक जनपद शाहजहाँपुर, जिलाधिकारी जनपद शाहजहाँपुर एवं जनपद शाहजहाँपुर के समस्त राजपत्रित अधिकारीगण एवं सिटी मजिस्ट्रेट थाना प्रभारी उपस्थित रहे।